Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding gas cylinder blast in Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): माननीय सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे राजस्थान के एक अति महत्वपूर्ण विषय को उठाने का अवसर दिया ।

माननीय सभापति महोदय, जोधपुर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें कई लोगों को असामयिक मृत्यु का सामना करना पड़ा । जोधपुर में सिलेंडर फटने के कारण निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गई । राजस्थान की सरकार को जिस संवेदनशीलता के साथ मृतकों के परिवारजनों को सहयोग करना चाहिए था, वह अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया ।

इसी प्रकार से, जो दोषी अधिकारी थे, राज्य स्तर के उन दोषी अधिकारियों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है । मैं आपके माध्यम से, सदन से आग्रह करूँगा कि जो ऑयल कम्पनीज हैं, जिन कम्पनीज के सिलेंडर थे, उनको निर्देश दिया जाए कि जो पीड़ित लोग हैं, उनको अधिक से अधिक मुआवजा दें एवं जो दोषी अधिकारी हैं, चाहे वे किसी भी स्तर के हों, उन पर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं न हों ।

माननीय सभापति: क्या आज आपका जन्मदिन रिअल था?

डॉ. मनोज राजोरिया: जी हाँ सर ।

माननीय सभापति: आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं ।